न्यायालय श्री सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

पीठासीन अधिकारी:— रतनलाल रेगर आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या:— 24/2022

प्रार्थीगण:—

1. मुलाराम पुत्र श्री हरदानराम
2. दीपाराम पुत्र श्री हरदानराम
3. चम्पाराम पुत्र श्री हरदानराम
4. गुणेशाराम पुत्र श्री हरदानराम
   जाति जाट, निवासी—सिरमण्डी,
   तहसील—ओसियां, जिला—जोधपुर।

बनाम

अप्रार्थी:— तहसीलदार ओसियां।

उपस्थित —

प्रार्थीगण की ओर से — अधिवक्ता श्री रामकिशोर औझा।

अप्रार्थी की ओर से— सरकारी पैरोकार।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956

—::निर्णय::—

दिनांक:— 12/3/22

प्रार्थीगण द्वारा एक राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम का इस आशय का प्रस्तुत किया कि— प्रार्थीगण व अन्य खातेदारान की संयुक्त खातेदारी व कब्जा काश्त सुदा भूमि खसरा नम्बर 2709 रकबा 11.5497 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2517 रकबा 42.3705 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2454, 2507 कुल रकबा 31.4116 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2512, 2513 कुल रकबा 3.8364 हैक्टेयर ग्राम सिरमण्डी तथा खसरा नम्बर 2654/4 रकबा 16.2521 हैक्टेयर ग्राम रामदेवनगर, पटवार हल्का सिरमण्डी, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर की सरहद में आई हुई है। जिसके राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण के नाम दर्ज करते वक्त प्रार्थीगण के पिता का नाम कहीं पर हरदास कहीं पर हरदासराम दर्ज कर दिया गया जबकि प्रार्थीगण के पिता का वास्तविक नाम हरदानराम है प्रार्थीगण के समस्त दस्तावेज, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बैंक डायरी इत्यादि में भी प्रार्थीगण के पिता का नाम हरदानराम दर्ज है। उपरोक्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी संख्या 4 का नाम कहीं पर

Scanned with CamScanner

गुणेशराम, कहीं पर गणेशाराम, कहीं पर गणेशराम दर्ज कर दिया जबकि प्रार्थी संख्या 4 का वास्तविक नाम गुणेशाराम है। प्रार्थी संख्या 4 के अन्य समस्त दस्तावेज आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड इत्यादि में भी नाम गुणेशाराम पुत्र हरदानराम दर्ज है। उक्त राजस्व रेकर्ड में नाम त्रुटि केवल मात्र राजस्व कर्मचारियों की सद्भाविक भूल के कारण हुई हैं। जो वर्तमान में उसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में दर्ज हैं। राजस्व रेकर्ड में रही त्रुटि को लेकर प्रार्थीगण को भयंकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। जिस वजह से प्रार्थीगण की भूमि पर भूमि सुधार कार्य करने बाबत् तमाम कार्य रूके हुए पड़े हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर श्रीमान् से निवेदन हैं कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण व अन्य की संयुक्त खातेदारी व कब्जा सुदा भूमि खसरा नम्बर 2709 रकबा 11.5497 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2517 रकबा 42.3705 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2454, 2507 कुल रकबा 31.4116 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2512, 2513 कुल रकबा 3.8364 हैक्टेयर ग्राम सिरमण्डी तथा खसरा नम्बर 2654/4 रकबा 16.2521 हैक्टेयर ग्राम रामदेवनगर, पटवार हल्का सिरमण्डी, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर, के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण के पिता का नाम हरदास व हरदासराम के स्थान पर हरदानराम तथा प्रार्थी संख्या 4 का नाम गणेशराम, गुणेशराम, गणेशाराम के स्थान पर सही एवं वास्तविक नाम गुणेशाराम दर्ज किया जाकर राजस्व रेकर्ड दुरस्त किये जाने का आदेश सादिर फरमाया जावें। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करवाया जावें।

यह है कि उक्त प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर जरिये नोटिस अप्रार्थी को तलब किया गया। अप्रार्थी की ओर से सरकारी पैरोकार उपस्थित हुए। अप्रार्थी की ओर से जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें अप्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में वर्णित भूमि के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण के पिता का नाम हरदास व हरदासराम के स्थान पर हरदानराम तथा प्रार्थी संख्या 4 का नाम गणेशराम, गुणेशराम, गणेशाराम के स्थान पर सही एवं वास्तविक नाम गुणेशाराम दर्ज किये जाने की अनुशंषा की। प्रार्थीगण द्वारा साक्ष्य शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये जो शामिल मिसल किये गये।

यह है कि बहस अधिवक्ता प्रार्थीगण सुनी गई बहस पर मनन किया, पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया जिससे यह स्पष्ट है कि प्रार्थीगण के पिता का नाम हरदास व हरदासराम के स्थान पर हरदानराम तथा प्रार्थी संख्या 4 का नाम गणेशराम, गुणेशराम, गणेशाराम के स्थान पर सही एवं वास्तविक नाम गुणेशाराम

शुद्ध किया जाना उचित है। इसलिए प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

—::आदेश::—

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी व कब्जा सुदा भूमि खसरा नम्बर खसरा नम्बर 2709 रकबा 11.5497 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2517 रकबा 42.3705 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2454, 2507 कुल रकबा 31.4116 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 2512, 2513 कुल रकबा 3.8364 हैक्टेयर ग्राम सिरमण्डी तथा खसरा नम्बर 2654/4 रकबा 16.2521 हैक्टेयर ग्राम रामदेवनगर, पटवार हल्का सिरमण्डी, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थीगण के पिता का नाम हरदास व हरदासराम के स्थान पर हरदानराम तथा प्रार्थी संख्या 4 का नाम गणेशराम, गुणेशराम, गणेशाराम के स्थान पर सही एवं वास्तविक नाम गुणेशाराम दर्ज किया जाकर रेकर्ड दुरस्त किये जाने का आदेश दिया जाता है। पालना हेतु तहसीलदार ओसियां को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलक्टर एवं
सहायक कलेक्टर, ओसियां
उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

आज दिनांक 11/3/22 को खुला न्यायालय में आदेश सुनाया गया।

सहायक कलक्टर एवं
सहायक कलेक्टर, ओसियां
उपखण्ड अधिकारी, ओसिया

Scanned with CamScanner